आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भुक्रवार** **दिनांक 03.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

2– भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल से बढ़ाकर दस अप्रैल की गई।

3– खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स का आज हो रहा है समापन–पुरूष फुटबॉल के फाइनल मैच में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया।

**और**

4– प्रभु ईसा मसीह के बलिदान दिवस गुड फ्राइडे पर आज राज्य के विभिन्न गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।

...............

**<u>केन्द्र सरकार–एलपीजी निर्देश</u>**

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है।

राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ में घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग में पिछले दो सप्ताह में गिरावट आई है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था अब धीरे–धीरे सामान्य हो रही है।

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि राज्य शासन द्वारा कमर्शियल गैस की आपूर्ति बीस प्रतिशत से बढ़ाकर चालीस प्रतिशत कर दी गई है। श्रीमती कंगाले ने बताया कि राज्य में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

## जन विश्वास–संशोधन विधेयक

संसद ने जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक दो हजार छब्बीस को पारित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मज़बूत करता है। यह विधेयक जीवन यापन और व्यापार सुगमता के लिए विश्वास पर आधारित शासन को और मज़बूत करने के लिए कुछ कानूनों में संशोधन करता है, ताकि कुछ अपराधों को गंभीर अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा सके और कानूनों को अधिक तर्कसंगत बनाया जा सके।

## स्वास्थ्य विभाग–एमओयू

राज्य सरकार ने आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केन्द्र सरकार के उपक्रम एच.एल.एल. लाइफकेयर लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। इससे राज्य के एक हजार से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। योजना के तहत पहली लैब का शुभारंभ आगामी चौदह अप्रैल को जगदलपुर से किया जाएगा।

इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसमें स्टेट रेफरल लैब, चार संभागीय लैब, तैंतीस जिला लैब, बारह सिविल अस्पताल लैब तथा एक सौ सत्यासी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर की लैब को जोड़ा जाएगा। जबकि आठ सौ चौदह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सैम्पल कलेक्शन केन्द्र के रूप में काम करेंगे। इस तरह एक हजार इंक्यावन स्वास्थ्य संस्थानों में जांच सुविधाओं का विस्तार होगा। आधुनिक तकनीक से इन लैबों में जांच रिपोर्ट कम समय में तैयार होकर सीधे मरीज के मोबाइल पर उपलब्ध होगी।

**रायपुर–रेलमंडल पत्रकारवार्ता**

रायपुर रेलमंडल ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में राजस्व, संरक्षा, तकनीकी, नवाचार और यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेल में एक आदर्श मंडल के रूप में अपनी पहचान बनाई है। मंडल ने इस वित्तीय वर्ष में छियालीस मिलियन टन से अधिक का लदान कर करीब पांच हजार करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग चार प्रतिशत अधिक है।

आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में मंडल प्रबंधक दयानंद ने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे आधुनिक लोडिंग और संरचना, ग्राहक केन्द्रित नीतियां, डिजिटल पहल तथा विभिन्न विभागों की भूमिका रही है।

**अग्निवीर भर्ती–आवेदन**

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल से बढ़ाकर दस अप्रैल कर दी गई है। जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक आवेदक भारतीय सेना की वेबसाइट **डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन** पर आवेदन कर सकते हैं। पुरूषों के लिए अग्निवीर में जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर और ट्रेडमैन के पद पर भर्ती की जाएगी। वहीं, सेना पुलिस, स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के महिला पदों पर भर्ती की जाएगी।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का समापन समारोह इस समय रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी उपस्थित हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मैरी कॉम और फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हैं।

टाज खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतिम दिन पुरूष फुटबॉल का फाइनल मुकाबला हुआ। साथ ही तीरंदाजी की विभिन्न स्पर्धाओं के भी फाइनल मैच हुए।

रायपुर में खेले गए पुरुष फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। वहीं, छत्तीसगढ़ को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस प्रतियोगिता में कर्नाटक ने तेईस स्वर्ण पदकों के साथ ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। जबकि ओडिशा इक्कीस और झारखंड सोलह स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, मेजबान छत्तीसगढ़ ने तीन स्वर्ण, दस रजत और छह कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया।

गौरतलब है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के तीन हजार आठ सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके तहत सात खेलो – तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती की स्पर्धाएं हुई। जबकि, मल्लखंब और कबड्डी को डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया था।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स–पत्रकारवार्ता

इस बीच, आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम और फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया ने छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में जिस तरह से देशभर के जनजातीय खिलाड़ियों ने भाग लिया और सफलताएं अर्जित की, उससे उम्मीद है कि ये खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी देश का गौरव बढ़ाएंगे।

**राज्यपाल–जल संरक्षण**

राज्यपाल रमेन डेका ने महासमुंद जिले के सरायपाली में आज विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। राज्यपाल ने जल संरक्षण कार्यों को गति देने और अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने को कहा। श्री डेका ने वृक्षारोपण को जन आंदोलन के रूप में संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाए।

**गुड फाइडे**

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मनुष्य को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि यह दिन हमें प्रेम, सहानुभूति, दयालुता और उदारता की प्रेरणा देता है।

प्रभु ईसा मसीह के बलिदान दिवस पर राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।

**बातों–बातों–में**

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम **''बातों–बातों में''** इस बार **छत्तीसगढ़ सहित देश से सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति पर केन्द्रित रहेगा।** इस कार्यक्रम का प्रसारण कल चार अप्रैल को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**बुलेटिन–शुभारंभ**

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा आगामी पांच अप्रैल से पांच–पांच मिनट के दो अतिरिक्त प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया जाएगा। यह समाचार बुलेटिन सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से दस बजे तक और ग्यारह बजकर पचपन मिनट से बारह बजे तक प्रसारित किए जाएंगे। इनका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों द्वारा किया जाएगा।

**संक्षिप्त समाचार**

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम डडिंया में आज हाथी के हमले में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। यह महिला महुआ बीनने के लिए जंगल गई थी।

और

– जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम खपरी में बीते एक अप्रैल को हुई बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी खपरी के ही रहने वाले हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>